# पीएचडी व मार्स्ट्स की प्रवेष परीक्षा 3 जून को
# स्नातक की परीक्षा 4 जून को
# पंत विवि प्रवेष परीक्षा

पंतनगर। गोविन्द बल्लभ पंत कृशि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय की वर्श 2023–24 के लिए प्रवेष परीक्षा 3 व 4 जून को विष्वविद्यालय सहित प्रदेष के कुल 19 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा नियंत्रक डा. विनोद कुमार ने बताया कि 3 जून को पीएचडी के लिए पंतनगर विवि परीक्षा केंद्र पर प्रवेष परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होने वाली इस परीक्षा में कुल 648 प्रवेषार्थी परीक्षा देंगे। जबकि मार्स्ट्स के लिए देहरादून के एक केंद्र तथा पंतनगर केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी। इस प्रवेष परीक्षा में कुल 1282 प्रवेषार्थी भाग लेंगे। इसके अलावा स्नातक स्तर की प्रवेष परीक्षा 4 जून को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक पंतनगर विवि सहित प्रदेष के 19 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी। इस प्रवेष परीक्षा में कुल 9074 प्रवेषार्थी षामिल होंगे। इनके लिए पंतनगर में 6, देहरादून में 4, पिथौरागढ़ में 2, अल्मोड़ा में 2, हल्द्वानी में 3, ऋशिकेष व श्रीनगर में 1–1 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। जबकि एमसीए की प्रवेष परीक्षा भी 4 जून को पंतनगर विवि के एक परीक्षा केंद्र पर आयोजित होगी, जिसमें कुल 97 प्रवेषार्थी षामिल होंगे। इसके अलावा परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि पशु चिकित्सा एवं पषु विज्ञान महाविद्यालय में डिप्लोमा इन वेटनरी फार्मेसी एंड लाइवस्टॉक एक्सटेंषन विशय पर प्रवेष प्रक्रिया भी षुरू कर दी है। इसके लिए 1 जून से 30 जून, 2023 तक प्रवेषार्थी ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। साथ ही एमबीए व एमबीए एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट के लिए भी प्रवेष प्रक्रिया षुरू कर दी गई है। प्रवेषार्थी 1 जून से 12 जून, 2023 तक इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सी–मेट व कैट की प्रवेष परीक्षा मैरिट के आधार पर प्रवेष दिये जायेंगे।